>

Title: Alleged financial irregularities in organizing Commonwealth Games in Delhi.

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** महोदय, मैं एक विशेष बात का उल्लेख करना चाहता हूं। सभी राष्ट्रीय समाचार पत्रों में और सभी राष्ट्रीय टीवी चैनल्स में इसे दिखाया गया है और सीवीसी इसकी इन्क्वायरी कर रही है तथा सीबीआई से इस बात की इन्क्वायरी करने के लिए दिल्ली की सड़कों पर जुलूस निकल चुका है। लोग इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। दिल्ली में राष्ट्र मंडल खेल होने जा रहे हैं और इसमें पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है।

देश के कुछ मुट्ठी भर लोग गिरोह बनाकर लूट रहे हैं, भ्रष्टाचार हो रहा है। देश के राष्ट्रीय समाचार पत्रों और टीवी में इस बात को दिखाया जा रहा है इसलिए मैं मांग करता हूं कि सदन में इस बात पर चर्चा हो। सीबीआई इंक्वायरी करे, सदन की समिति इंक्वायरी करे, संयुक्त समिति इंक्वायरी करे क्योंकि देश के नाम पर दुनिया में कलंक का टीका लगाया जा रहा है। दुनिया के अच्छे खिलाड़ी इन खेलों में आने से मना कर रहे हैं क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि स्टेडियम सुरक्षित रहेगा। जिस दिन उद्घाटन हुआ उसी दिन ऊपर से पानी टपकने लगा। पैसा लुट रहा है, बह रहा है और देश के नाम पर कलंक का टीका लग रहा है। इस बात की इंक्वायरी हो, संयुक्त संसदीय समिति इंक्वायरी करे, मामला सामने आए ताकि लूटने वालों को गिरफ्तार किया जाए, जेल में बंद किया जाए जिससे देश की इज्जत बच सके।